दैनिक भास्कर

आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा प्लेसमेंट, मैनेजमेंट में पैकेज 10 लाख तक

# आईईटी के छात्र को मिला 19 लाख का पैकेज, यूनिवर्सिटी के इतिहास में सबसे बड़ा, 1100 छात्रों को मिला जॉब

भास्कर संवाददाता | इंदौर

डीएवीवी के आईईटी के छात्र को 19 लाख का पैकेज मिला है। यह यूनिवर्सिटी के इतिहास में सबसे बड़ा पैकेज है। संभवतः यह प्रदेश की किसी सरकारी यूनिवर्सिटी में मिलने वाला अब तक का सबसे बड़ा पैकेज है। इससे पहले आईईटी के ही छात्र को 11 लाख का सालाना पैकेज मिला था। आईटी सेक्टर में ही सबसे ज्यादा प्लेसमेंट हुए। इसके अलावा मैनेजमेंट भी अच्छी संख्या में प्लेसमेंट हुए। इसमें भी अधिकतम पैकेज 10 लाख रुपए तक रहा। यूनिवर्सिटी ने कुलपति प्रो. नरेंद्र धाकड़ की मौजूदगी में प्लेसमेंट की विस्तृत जानकारी साझा की। बताया गया कि आईआईपीएस, आईएमएस, ईएमआरसी, स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, डेटा साइंस व अन्य विभाग शामिल हैं। रजिस्ट्रार अनिल शर्मा, डिप्टी रजिस्ट्रार अजय वर्मा, प्रज्वल खरे, रचना ठाकुर इस दौरान मौजूद रहे।

## 120 कंपनियों ने कैंपस में पहुंचकर चुने छात्र

2019 बैच के पास आउट छात्रों के प्लेसमेंट के लिए 120 कंपनियां डीएवीवी कैंपस पहुंची। सेंट्रल प्लेसमेंट सेल के अवनीश व्यास और डॉ. निशिकांत वाइकर ने बताया कि अलग-अलग समय पर इन कंपनियों ने कैंपस ड्राइव की। इसमें डिलाइट, होंडा कार, एक्सेंचर, एचएफसी, बजाज फाइनेंस, टीसीएस, कोलगेट, अमूल, महिंद्रा फाइनेंस शामिल हैं। वीएमवर ने आईईटी के छात्र को 19 लाख का पैकेज दिया। इस बार फॉर्मेसी विभाग में भी औसत पैकेज बढ़ा है। यह अधिकतम तीन से साढ़े पांच लाख रुपए तक पहुंच गया।

## ज्यादा से ज्यादा छात्रों को जॉब मिले यही प्रयास

*कुलपति का कहना है कि 1100 छात्रों को जॉब मिला है। हमारा प्रयास होगा कि हर पास आउट छात्र को किसी न किसी कंपनी में जॉब मिले। वहीं प्लेसमेंट सेल के डॉ. गोविंद माहेश्वरी के अनुसार अगले साल के लिए प्लेसमेंट का दायरा बढ़ाया जाएगा।*